हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 मूसलाधार बारिश में बहा बाईपास मार्ग, लोगों की बढ़ी परेशानी



SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

अंSH COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी .फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

### 100 लाख की लागत से होना है उन्नयन

# 9 महीने में नहीं बन पाया पीजी कॉलेज मैदान का वाकिंग ट्रैक, अब भी पेवर ब्लॉक का काम अधूरा





निर्माणाधीन वाकिंग ट्रैक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के पीजी कॉलेज मैदान में सुबह सुबह पैदल घूमने जाने वाले लोगों की सुविधाओं को देखते हुए बनाया जा रहा वाकिंग ट्रैक 9 महीनों में भी पूर्ण नहीं हो पाया है। ठेकेदार की लापरवाही और लेटलतीफी के कारण फिलहाल फिलहाल फुटपाथ के पेवर ब्लॉक का काम ही अधूरा पड़ा हुआ है जबकि विद्युतीकरण का काम तो अब तक शुरू भी नहीं हो पाया है। ऐसे में शासन की स्वीकृति मिलने के बाद भी एक करोड़ की लागत से बनने वाले वाकिंग ट्रैक का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है।

**खास बातें**
- लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर शासन ने दी थी स्वीकृति
- अक्टूबर 2023 में हुआ था भूमिपूजन

बता दें कि शहर का पीजी कॉलेज मैदान शहर के लिए एक प्रमुख स्थल है। पीजी कॉलेज मैदान का उपयोग युवाओं के साथ ही शहर के वरिष्ठ नागरिक करते है। सुबह-शाम शहर के वरिष्ठ नागरिक पीजी कॉलेज मैदान में पैदल घूमने के लिए आते है। अपने सेहत को बेहतर करने के लिए पीजी कॉलेज घूमने आने वाले नागरिकों को व्यवस्थाओं की कमी के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नगर निगम सरकार की पहल पर शासन से 100 लाख रुपए की स्वीकृति पीजी कॉलेज मैदान के उन्नयन के लिए मिली थी। नगर निगम सरकार द्वारा पीजी कॉलेज मैदान में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 7 अक्टूबर 2023 को भूमिपूजन कर दिया गया था लेकिन शासन से मिली स्वीकृति और भूमिपूजन होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा जनहित से जुड़े निर्माण कार्य को भूमिपूजन के तीन महीने बाद जनवरी में शुरू किया गया। निर्माण शुरू होने के बाद भी निर्माण की गति काफी धीमी है। यही वजह है कि पीजी कॉलेज में मैदान किनारे 1100 मीटर लम्बे वॉकिंग ट्रैक का निर्माण पूर्ण नहीं किया जा सका जबकि वॉकिंग ट्रैक में पूर्व से किए गए निर्माण के तहत पेवर ब्लॉक को हटाकर भूमि समतलीकरण और नए पेवर ब्लॉक लगाने का काम करना था। जबकि डिवाइडर की दूसरी ओर सिर्फ मिट्टी व घास की सफाई कर लोगों के लिए नंगे पांव चलने के लिए सामान्य ट्रैक बनाना था लेकिन 9 महीने में ठेकेदार छोटा सा निर्माण पूर्ण नहीं कर पाए।

**होने थे ये निर्माण**

शहर के पीजी कॉलेज मैदान में पहले से ही एक पुराना पेवर ब्लॉक युक्त वाकिंग ट्रैक मौजूद था जिसके पुनर्निर्माण सहित अन्य कार्य किए जाने थे। शासन द्वारा स्वीकृत राशि से पीजी कॉलेज मैदान के किनारे 1100 मीटर लम्बे वॉकिंग ट्रैक का निर्माण, पूर्व से स्थिति पेवर ब्लॉक का उन्नयन, ग्रीन स्पेस डिवाइडर सह आकर्षक विद्युत लाइटिंग की योजना है। इसके साथ ही पीजी कॉलेज मैदान में वॉकिंग के लिए आने वाले लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था देनी है व सार्वजनिक स्थान पर लोगों के लिए मॉड्यूलर टॉयलेट का भी निर्माण कराया जाना है। फिलहाल में ठेकेदार सिर्फ डिवाइडर बनाने का काम ही कर पाया है जबकि पेवर ब्लॉक बदलने का काम अभी भी अधूरा है वहीं शौचालय निर्माण का कार्य भी अब तक अपूर्ण है।

**विद्युतीकरण की राशि अटकी**

शासन से पीजी कॉलेज मैदान में वाकिंग ट्रैक व उन्नयन कार्य के लिए कुल 100 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है जिसमें से 70 लाख रुपए से निर्माण कार्य कराए जा रहे है जबकि 30 लाख रुपए विद्युतीकरण के लिए है। विद्युतीकरण के तहत वाकिंग ट्रैक के आस पास व डिवाइडर में आकर्षक लाइटिंग की जानी है ताकि लोगों को चलने के दौरान परेशानी ना हो इसके साथ ही जहरीले जीव जंतुओं का खतरा भी ना हो। बताया जा रहा है कि राशि स्वीकृत होने के बाद भी शासन से विद्युतीकरण की राशि जारी नहीं हो पाई है।

**रूफ कवरिंग का काम अधूरा**

शासन से पीजी कॉलेज व गांधी स्टेडियम के उन्नयन के लिए राशि जारी की गई थी। गांधी स्टेडियम के लिए भी 332.05 लाख की राशि जारी की गई और अक्टूबर 2023 में भूमिपूजन हुआ लेकिन गांधी स्टेडियम में फ्लड लाइट, गैलरी में टॅसाईल फेब्रिक रूफ कव्हरिंग, गैलरी में कुछ स्थानों पर स्टेडियम चेयर लगाए जाने का काम भी पूर्ण नहीं हो पाया है।

**की जाएगी कार्रवाई**

निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। निर्माण कार्य में लापरवाही पर जोन प्रभारी समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

## माइक्रो फाइनेंस कंपनी का 35 लाख रुपए लेकर कर्मचारी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में माइक्रो फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी द्वारा हितग्राहियों के 35 लाख रुपए के गबन मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने 114 उपभोक्ताओं का लोन पास करके राशि की हेराफेरी की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में बेल स्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की शाखा संचालित है।

- शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर, वाड्रफनगर का मामला

कंपनी के एरिया मैनेजर घनश्याम यादव ने पुलिस को शिकायत की थी कि कंपनी की वाड्रफनगर स्थित शाखा में पदस्थ सेल्स ऑफिसर शरीफ अंसारी द्वारा कंपनी के उपयोक्ताओं को प्रदान की गई ऋण की राशि गबन कर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की गई है। शिकायत के अनुसार बेलस्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड आरबीआई अधिनियम 1934 की धारा 45( झ) द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए गैर बैंकिंग वित्तिय संस्था के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत व स्थापित है। कंपनी द्वारा लोगों को खेती किसानी व छोटे मोटे उद्योग धंधों के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। कंपनी की मुख्य शाखा चेन्नई में है और देश भर में इसकी शाखाएं फैली हुई है। वाड्रफनगर में कंपनी की शाखा 18 जनवरी 2019 से संचालित हो रही है। कंपनी द्वारा गांव में महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कंपनी के लिए कर्मचारी नियुक्त किए जाते है। इनमें से ही एक कर्मचारी सूरजपुर जिले के भैयाथान अंतर्गत सोनपुर शिवप्रसाद नगर निवासी शरीफ अंसारी आ. गुलाम जिलानी द्वारा क्षेत्र के लगभग 114 उपभोक्ताओं का लोन पास कराया गया और लोन की राशि 35 लाख रुपए का गबन किया। लोन के रुपए लेने के बाद आरोपी शरीफ अंसारी 1 जून से गायब है वाड्रफनगर पुलिस ने मामले में जांच उपरान्त शरीफ अंसारी के खिलाफ धारा 408, 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सरगुजा पुलिस ने एक दिन में 99 वारंट किए तामील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस द्वारा वारंट तामीली को लेकर विशेष अभियान चलाया है। पुलिस टीम ने एक दिन में जिले के भीतर 53 समंस, 22 जमानत व 24 गिरफ्तारी वारंट समेत कुल 99 वांरट की तमीमी कराई है। बता दें कि एसपी योगेश पटेल ने थाना व चौकियों में लंबित समंस, जमानतीय वारंट, गिरफ़्तारी वारंट की तामीली हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में 12 जुलाई को जिले के विभिन्न थाना व चौकियों में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा समंस, जमानतीय वारंट एवं गिरफ़्तारी वारंटो की तमिली करने अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थाना कोतवाली द्वारा 5 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया हैं। थाना गांधीनगर द्वारा 7 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। थाना मणीपुर द्वारा 2 गिरफ्तारी वारंट एवं थाना लखनपुर द्वारा 3 गिरफ्तारी वारंट तमिल किया गया। थाना उदयपुर द्वारा 2 गिरफ़्तारी वारंट एवं थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 3 गिरफ़्तारी वारंट तमिल किया गया। थाना धौरपुर द्वारा 2 गिरफ़्तारी वारंट एवं थाना सीतापुर द्वारा 1 गिरफ़्तारी वारंट कुल 25 गिरफ़्तारी वारंट सहित कुल 22 जमानतीय वारंट एवं 53 समंस की तामील की गई।

- 24 गिरफ्तारी, 53 समंस व 22 जमानती वारंट की कराई गई तामीली

**खबर संक्षेप**

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 15 को

**बलरामपुर।** जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज की सामान्य सभा की बैठक 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे से जिपं सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यो की समीक्षा एवं शैक्षणिक वर्ष 2024-205 के तैयारी के संबंध पर चर्चा, मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारी एवं आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा, खाद एवं बीज वितरण की प्रगति की समीक्षा तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

### जनसमस्या निवारण शिविर में हुआ आंशिक संशोधन

**अम्बिकापुर।** 2 अगस्त और 23 अगस्त को होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम अनुसार 2 अगस्त को अब विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम असकला में शिविर आयोजित होगा और 23 अगस्त को विकासखंड उदयपुर के ग्राम देवटिकरा में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर सरगुजा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उक्त शिविरों में समस्त विभाग प्रमुख अनिवार्यतः उपस्थित रहकर पूर्व में दिये गये शर्तों एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

### घर से निकले युवक ने महुआ पेड़ पर लगाई फांसी

**रामचंद्रपुर।** ग्राम विसुनपुर निवासी युवक ने घर के पास महुआ पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार ग्राम विसुनपुर निवासी लालमोहन भूईयां पिता वासुदेव (35वर्ष) शुक्रवार को कहीं जाने के नाम पर घर से निकला था तथा देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिजन उसके नए घर में जाने की संभावना पर सुबह खोजबीन की तो घर के पास उसका शव महुआ पेड़ पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया एवं पीएम उपरांत शव परिजन को सौंपा। युवक के आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई है।

**दो वर्ष पूर्व हुई थी स्थापना, एक महीने से हुआ है लीकेज**

## सोलर पानी टंकी में छेद, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्रेडा विभाग द्वारा लगाए गए पानी टंकी में हुआ लीकेज ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है। एक महीने से टंकी हुए छेद के कारण पानी बर्बाद हो जा रहा है और लोगों को अपनी जरूरतों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। बड़ी बात यह है कि महज दो वर्ष पूर्व ही सोलर टंकी की स्थापना की गई थी। हालांकि इस मामले में अधिकारी जल्द से जल्द सुधार की बात कह रहे है। बता दें कि विकासखंड के ग्राम कोटगहना चौक के समीप क्रेडा विभाग द्वारा दो वर्ष पूर्व सोलर पानी टंकी स्थापित किया गया था ताकि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके लेकिन विभाग द्वारा लगाई गई टंकी समय से पहले ही फूट गई। टंकी में छेद हो गया है और विगत एक माह से जब भी ग्रामीण इस टंकी को भरने का प्रयास करते है पानी बह जाता है। इतना ही नहीं टंकी का पानी बहकर पास में मौजूद ग्रामीण वीरेंद्र यादव की बाड़ी में पहुंच जाता है जिससे उसके बाड़ी में लगी फसलों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा पानी टंकी के फूटने की शिकायत विभाग से की गई लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। टंकी फटने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण वीरेंद्र यादव ने बताया कि पानी टंकी फटने से हम लोग को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। टंकी का पानी मेरे खेत में भर जाता है जिससे खेती में दिक्कत हो रही है।

इस संबंध में क्रेडा विभाग के सहायक यंत्री रामायन उपाध्याय ने कहा कि पानी टंकी फूटने की जानकारी मिली है। जल्द ही टंकी के सुधार का कार्य कराया जाएगा।

## मौसम हुआ सुहाना, ज़मी पर उतरे बादल...



**अम्बिकापुर।** मानसून की दस्तक के साथ ही छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट की सुंदरता एक बार फिर से निखर गई है। बारिश के मौसम में आसमान के बादल जमीन पर उतर आए है। मैनपाट में बादल लोगों को आकर्षित कर रहे है।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा हेतु उड़नदस्ता दल गठित

**अम्बिकापुर।** व्यापम द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक कुल 9 परीक्षा केंन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन, अनैतिक कार्यों एवं नकल आदि को रोकने हेतु उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। उड़नदस्ता दल में तहसीलदार उमेश्वर बाज, नायब तहसीलदार कमलेश कुमार मिरी एवं निखिल श्रीवास्तव होंगे।

## राहत के साथ मुसीबत लेकर आई बारिश तेज हवाओं में उड़े दुकानों के छप्पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम/बतौली

शुक्रवार को जिले में मानसून की सक्रियता से हुई बारिश ने लोगों को राहत दी है लेकिन मूसलाधार बारिश अपने साथ कई स्थानों पर आफत भी लेकर आई।

तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण ग्रामीणों के दुकानों के छप्पर उड़ गए। बता दें कि सेदम में साप्ताहिक बाजार लगता है। साप्ताहिक बाजार में छोटे छोटे खपरैल झोपड़ी बनाकर लोग अपना व्यवसाय करते है। शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश साप्ताहिक बाजार में लोगों के लिए मुसीबत लेकर आई। बारिश के कारण साप्ताहिक बाजार में 10 दुकानों के छप्पर, बांस उखड़ गए। बारिश से छोटे छोटे दुकान संचालकों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है।



तेज हवाओं में उड़े दुकानों के छप्पर।

### यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 2544 चालकों पर की गई कार्रवाई

# एक महीने में दिया 18 लाख का जुर्माना फिर भी नहीं बदली आदत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान और कार्रवाई के बाद भी लोगों की आदतों में सुधार नहीं आया है। लगातार जुर्माना लगाने की कार्रवाई के बाद भी लोग यातायात नियमों को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे है और यही वजह है कि पुलिस भी नियम तोड़ने वालों से सख्ती से पेश आ रही है।

सरगुजा पुलिस ने जून महीने में ही सर्वाधिक 2544 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 18 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल लिया गया है इसके साथ ही वर्तमान में भी पुलिस की कार्रवाई जारी है। बता दें कि सरगुजा जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ा हुआ है। एसपी के निर्देश पर यातायात व सरगुजा पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। शहर के बाइकर्स, तीन सवारी, पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले बाइक, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों, सिग्नल तोड़ने वालों व अन्य प्रकरणों में पुलिस द्वारा चेकिंग प्वाइंट लगाकर चालानी कार्रवाई की जा रही है।



कार्रवाई करते यातायात पुलिस।

इसके साथ ही पुलिस चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई भी की जा रही है और लगातार न्यायलय के समक्ष प्रकरण पेश किए जा रहे है। वहीं भारी भरकम वाहन चालकों द्वारा रिंग रोड, एनएच व मुख्य मार्गों पर बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा करने के मामले में धारा 285 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायलय में पेश किया गया है। जबकि चार पहिया वाहन चालकों द्वारा गलत तरीक से पार्किंग करने पर भी जुर्माना वसूल किया जा रहा है। इस बीच जून महीने में पुलिस टीम द्वारा कुल 2 हजार 544 वाहन चालकों से 18 लाख 22 हजार 900 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है लेकिन इतनी बड़ी कार्रवाई के बाद भी लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई भी निरंतर जारी है।

13 Ambikapur-BHOOMI-pg 2-0_Layout 1 7/13/2024 9:49 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया पौधरोपण

**लखनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत क्षेत्र के हरवा पारा आंगनबाड़ी केंद्र में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू सहित अन्य अतिथियों ने पौधरोपण कर वार्ड के नागरिकों व बच्चों को भी एक पेड़ मां के नाम लगाने की शपथ दिलाई गई। वहीं विकासखंड के ग्राम कुन्नी केवटा पारा आंगनबाड़ी केंद्र में जनपद सदस्य कृष्णा राठीया, सेक्टर सुपरवाइजर की उपस्थिति में पौधरोपण करते हुए पेड़ लगाए जाने और सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रभारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी आषो तिर्की, महिला सुपरवायजर पार्वती सिंह, कार्यकर्त्ता फिरोजा खातून, संजीदा खानम सहित आंगनबाड़ी सहायिका बच्चे और वॉर्ड वासी मौजुद रहे।

### नीट पेपरलीक को लेकर एनएसयूआई ने निकाला मशाल जुलूस




**अंबिकापुर।** नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर एनएसयूआई द्वारा शनिवार को शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्र संगठन द्वारा शहर में मशाल जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष तनमीत छाबरा, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से घड़ी चौक तक मशाल जुलूस निकालकर पेपर लीक को लेकर विरोध जताया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष तनमीत ने कहा कि सरकार छात्रों के साथ अन्याय करने में उतर आई है छात्रों की आवाज को दबाना एवं परीक्षाओं की पेपर लीक मामले में भाजपा नेताओं का नेताओं का शामिल होना ये दर्शांता है कि सरकार कैसे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने कहा की हाल में ही नीट परीक्षा की पेपर लीक के साथ देश में लगभग प्रदेश में लीक के मामले आ रहे है छत्तीसगढ़ में भी व्यापम के परीक्षाओं के प्रश्नों में गड़बड़ी सामने आती रहती हैं पूर्व में विदेशों में भारतीय छात्रों को संदिक्त हालत में मृत्यु हुई इन सब मामले में सरकार मौन है सदन में विपक्ष के नेता नीट के लिए चर्चा को कहते है तो सरकार चर्चा करना नहीं चाहती ये साफ दर्शाता है की देश के भविष्य के साथ सरकार कैसे लापरवाही कर रही है और एनएसयूआई इसका पुरजोर विरोध करती है। अगर सरकार छात्रहित में फैसला नहीं लेती है तो आने वाले समय में आंदोलन करना पड़ेगा। इस दौरान सुरेंद्र गुप्ता, निकेत, आकाश अग्रहरी, राहुल भारती, ज्ञान तिवारी, गौतम गुप्ता, मयंक सिंह, आयुष गुप्ता, मुनेश्वर, विनय, आदित्य विभु, सोनू रजवाड़े, तनवीर अहमद, मनोज, देव वशिष्ठ, राहुल पाठक, रजत आदि उपस्थित रहे।

## तीन साल बाद भी नहीं हो सका निर्माण पूर्ण

# मूसलाधार बारिश में बहा बाईपास मार्ग, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

आधे अधूरे पुलिया, नाली निर्माण ने राहगीर समेत आसपास गांव लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हैरानी की बात यह है कि सड़क सहित पुलिया व नाली निर्माण कार्य शुरू हुए लगभग तीन साल होने को है बावजूद इसके आज तक निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी। ऐसे में पुलिया विहीन मार्ग से आवागमन करने को मजबूर है। इधर गत दिन मूसलाधार बारिश हुई बारिश से पुलिया के समीप बनाए गए बाई पास मार्ग के बह जाने से अब लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। जिस तरह से पुलिया, नाली का निर्माण हो रहा है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

**खास बात**
- 44 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण

कुसमी से जशपुर सीमा तक लगभग 44 करोड़ की लागत से सड़क, पुलिया, तटबंध एवं नाली का कार्य कराया जा रहा है। निर्माण शुरू हुए लगभग तीन साल हो चुके है बावजूद इसके आज तक निर्माण अधूरा है। कुसमी सीमा अंतर्गत गलफुला नदी मुख्य मार्ग से आगे सिबिल दाग, नवडीहा मोड़ सहित कई जगहों पर ठेकेदार द्वारा पुलिया निर्माण के लिए बड़े गड्ढे करवाया गया है। कई जगह ऐसे है जहां ठेकेदार द्वारा पुलिया निर्माण के लिए सिर्फ नीव खोदकर छोड़ दिया गया है। कछुए की चाल से हो रहे निर्माण होने से सड़क व पुलिया निर्माण का कार्य पूर्ण होने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में बरसात के इस मौसम में छोटे- बड़े वाहन सहित क्षेत्र लोगों एवं विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ पड़ता है। कुसमी से जशपुर मुख्य मार्ग पर हमेशा छोटे- बड़े वाहनों का आवागमन बड़ी संख्या में होती है जिससे ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले राहगीर सहित क्षेत्र लोगों को भुगतना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कुसमी-जशपुर मार्ग निर्माण शुरू हुए तीन साल होने को है परंतु न तो सड़क पूर्ण हो सकी और न ही पुलिया व नाली निर्माण पूर्ण हो सका। जिस तरह से निर्माण कार्य चल रहा है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिया, तटबंध एवं नाली निर्माण के लिए और कई माह लग सकते है।



क्षतिग्रस्त बाईपास मार्ग।

### आवागमन बाधित, विद्यार्थी परेशान

शुक्रवार की दोपहर हुई मूसलाधार बारिश से कुसमी से दो किमी दूर गलफुला नदी के समीप बनाए गए बाईपास मार्ग तेज पानी के बहाव से बह गया। मुख्य मार्ग हो रहे पुलिया निर्माण के कारण लोगों को आने आने के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर बाई पास मार्ग बनाया गया था। सड़क के पानी में बह जाने से अब यात्री बस, सहित चार व दो पहिया वाहन के मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। इधर विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा मई-जून माह में पुलिया व नाली का निर्माण करा देते तो आज ऐसी स्थिति नहीं होती।

### अधिकारी नहीं करते निरीक्षण

ग्रामीणों का कहना है कि जशपुर से कुसमी मुख्य मार्ग पर जहां पुलिया एवं नाली का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। परंतु निर्माण कार्य स्थल पर आज तक विभाग के जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारियों ने जायजा लेना मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण करा रहे है। अधिकारियों के मौके पर निरीक्षण नहीं करने से निर्माण के गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।अगर संबंधित विभाग के अधिकारी मौके का जायजा लेते तो न सिर्फ निर्माण गुणवत्तापूर्ण होता बल्कि आज तक पुलिया व नाली का कार्य पूर्ण हो जाता। अधिकारियों के उदासीन रवैया का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ कार्य जल्द कराने की मांग की है।

### जल्द कराएं कार्य पूर्ण

तेज बारिश के कारण जशपुर मार्ग गलफुल्ला नदी के बगल में बनाए गए बाईपास मार्ग तेज पानी के बहाव में बह गया है। बाईपास सड़क की मरम्मत कराई जा रही है। इसके अलावा जहां-जहां पुलिया, नाली व तटबंध कार्य अधूरा है उसे जल्द ही पूरा करवाया जाएगा।

-ज्योतिष कुमार तिग्गा
एसडीओ लोक निर्माण विभाग

## होलीक्रॉस में छात्र संसद को दिलाई गई शपथ

# अंग्रेजी के साथ अपनी भाषा व संस्कृति को भी अपनाएं विद्यार्थी : संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




शनिवार को होली क्रॉस कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित छात्र संसद हेतु शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर जस्सी द्वारा छात्र छात्राओं को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के अध्यक्ष पद पर क्रमशः आदित्य सोनी और जसकीरत बाबरा, उपाध्यक्ष पद पर आयुषी सिंह और रुद्राक्ष गर्ग, सचिव पद पर अक्षिता डबराल, सहसचिव पद पर श्रेयांस गुप्ता चयनित हुए। कमिश्नर श्री चुरेन्द्र ने कहा कि आप सभी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं यह बहुत ही सराहनीय है। यह भाषा पूरी दुनिया में विचार विनिमय का माध्यम है। हमें अपनी भाषा और संस्कारों को भी अपनाना है क्योंकि इससे हमारा चरित्र निर्माण होगा। अच्छा चरित्र और अच्छे संस्कार लेकर हम अच्छा मनुष्य बन सकेंगे व अच्छे समाज का निर्माण कर सकेंगें। प्राचार्य सि. जस्सी ने कहा कि हमारे छात्र हमारे स्कूल की ज्योति के समान है आप सब हमारे स्कूल के प्रतिनिधि है इस तरह के आयोजनों से आप सभी में नेतृत्व क्षमता का निर्माण होगा। कार्यक्रम के दौरान संभागायुक्त व प्राचार्य ने बच्चों को बैच व शेष पहनकर अलंकृत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुष्मिता भट्टाचार्य और श्री अंजनी पाण्डेय ने व आभार प्रदर्शन श्रीमती अर्पणा सरकार ने किया। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुनिल तिवारी, सिस्टर एल्सी, सिस्टर डायना. सिस्टर सुचिता, सिस्टर वेरोनिका, सिस्टर जया, सिस्टर ललिता, स्कूल के शिक्षक सहित अनेक अभिभावक आम नागरिक मौजूद थे।

# बेसिक लाइफ एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट का दिया गया प्रशिक्षण



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन सर्टिफाइड गाइडलाइन अनुसार ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सक, आयुष चिकित्सक,आरएमए स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ तथा द्वितीय एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसका उद्देश्य- स्वास्थ्य सेवा में सुधार प्रशिक्षित और कुशल कर्मचारियों के साथ नवीनतम चिकित्सा तकनीकों का प्रयोग कर उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु ग्रीन जीनोम इंडिया दिल्ली से आए विशेष प्रशिक्षक डॉ. गौरव महाजन एवं टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मरीज को हार्ट अटैक तथा कार्डियक अरेस्ट आने की स्थिति में उसे कोलैप्स होने से बचाने के सुरक्षात्मक उपाय करेंगे। मरीज की स्थिति का रिस्पांस तथा आकलन,कार्डियक अरेस्ट का मूल्यांकन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज को कोलैप्स होने से बचाने कैसे तत्काल हाई क्वालिटी सीपीआर एडल्ट एवं बच्चों को देंगे इस संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में हार्ट अटैक तथा कार्डियक अरेस्ट स्थिति में एम्बुलेंस तथा हॉस्पिटल में कॉमन ई सी जी रिदम, डिफिब्रिलेटर द्वारा शॉक को मरीजों को कैसे उपयोग करेंगे विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण पश्चात मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।



### एसडीएम ने उल्लास साक्षरता केन्द्र का किया निरीक्षण

**प्रतापपुर।** उल्लास साक्षरता केंद्र का एसडीएम श्रीमती ललिता भगत द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने नवसाक्षरों को शिक्षा का महत्व बताया। साथ ही शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने एवं शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। ग्राम पंचायत अमन दोन सहित विकासखंड प्रतापपुर के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष उपस्थित थे।

### निधन

### श्रीमती ओमपति अग्रवाल

**लखनपुर।** नगर की श्रीमती ओमपति अग्रवाल का 65 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ चल रही थी और 12 जुलाई को उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे राधेश्याम अग्रवाल की पत्नी थी। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को चनई नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान मुखाग्नि पुत्र सचिन अग्रवाल ने दी। वे अपने पीछे भरा पूरा मंगलम परिवार छोड़कर चली गई।



TOP IN SURGUJA
अमृत काढ़ा काजमी — यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती हैं !
विजरा माल्ट — यह दवा पुरुष बाँझपन एवं नपुसंकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा हैं ! पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज
विजरा पावर — यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शिथिलता एवं शीघ्रपतन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूति करायेगा
निर्माता:-चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो.9826461355

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
EMERGENCY SERVICE 24X7
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
दिनांक - 14 जुलाई 2024, रविवार
समय : सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक
रायपुर के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
दिनांक - 9 जुलाई से 13 जुलाई 2024
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
शाम : 5 बजे से 8 बजे तक
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

2008 से संचालित
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
KRTC.CO.IN
NAAC B+
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA | BCA | BSC BIO | BSC MATH | BSC COMPUTER SCIENCE | MCOM | MSW | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY
BCOM | BBA | BA | PGDBM | PGDCA | MSC MATH | MSC CS | MSC IT | MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें : पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़

आसरा महाविद्यालय
7987588781
9201487773
(AFFILIATED BY SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SURGUJA, AMBIKAPUR, C.G. & APPROVED BY HIGHER EDUCTION GOVT OF CHHATTISGARH)
B.SC-BIO - Botany, Zoology, Chemistry
B.A - History, Sociology, Political Science
B.C.A - All Compulsory Subjects
D.C.A - All Compulsory Subjects
P.G.D.C.A - All Compulsory Subjects
-: CAMPUS :- Jarhadih, Raghunathpur, Tehsil-Lundra, Dist - Surguja (C.G)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D)
822588500 (Hospital)
7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन – शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

सरगुजा मार्केट

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

हृदय रोग ओपीडी
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 13 जुलाई 2024, शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9827872666

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S., M.D., DM (ENDO)
मधुमेह (शुगर), थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.तुषार जैन
M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा
MD, DM (Neurologist)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ...
डॉ संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
रायपुर के सुप्रसिद्ध स्पाईन सर्जन एवं न्यूरोसर्जन
डॉ. मनीष टावरी
MS, MCH (Neurosurgery)
14 जुलाई 2024 प्रत्येक माह के दूसरा रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

St. Vincent Pallotti College
Kapa, Lodhipara, Raipur
SINCE - 1995
Recognised by UGC Under 2(F) & 12(B)
Permanently Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University
Approved by Dept.of Higher Education, Govt.of Chhattisgarh
Admissions Open
FOR 2024-2025
NAAC B++
B.Com | B.B.A. | B.C.A. | B.P.E. | B.Ed. | M.Com | M.A.(Eng.) | PGDCA | PGD (Yoga)
With All Modern Amenities
Call: 99269-48782, 99770-65809
0771-2283334, B.Ed - 94242-33899
Facebook - pallotticollege | Email - pallotti.college@gmail.com
Website : http://stvincentpallotticollege.org/
Khanna








कृषि महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दुनिया भर के लोगों को भोजन, फाइबर और आश्रय प्रदान करती है। कृषि सभ्यता की नींव है और मानव जाति के उदय के समय से ही रही है। जीवित रहने के लिए भोजन आवश्यक है, और कृषि इसे पैदा करने की प्रक्रिया है। कृषि कपड़ा, कागज और जैव ईंधन सहित कई उद्योगों के लिए कच्चा माल भी प्रदान करती है।इसके अलावा, कृषि में प्रगति ने खाद्य उत्पादन की दक्षता में वृद्धि की है, जिससे लोगों को कम संसाधनों के साथ अधिक भोजन का उत्पादन करने की अनुमति मिलती है।

अंत में, पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए कृषि आवश्यक है, क्योंकि यह स्वस्थ मिट्टी, स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी को बनाए रखने में मदद करती है।
















## खबर संक्षेप



### नगर में पहुंची मां बनभौरी की निशान पद यात्रा

**बिश्रामपुर।** मां बनभौरी देवी की प्रथम निशान पद यात्रा का आयोजन दुर्गा पंडाल भैयाथान रोड सूरजपुर से आरंभ होकर कोयलांचल बिश्रामपुर पहुंची। नगर के साई परिसर में जलपान की व्यवस्था की गई ,यहां जलपान उपरांत पदयात्रा अम्बिकापुर के लिए रवाना हो गई।पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला,पुरुष व युवा वर्ग की उपस्थिति रही।बिश्रामपुर में जलपान की व्यवस्था में लगे सेवादारों में प्रदीप गोयल, रिंकू गोयल, विजय गोयल,गोपाल तायल,सन्नी गर्ग,राम अवतार, मयंक गोयल सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### डेड़री में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत डेडरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें नव प्रवेशी कक्षा पहली,छठवीं एवं नवमी के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया तथा बच्चों को मिलने वाले विभिन्न सुविधाओं का वितरण किया। इसके अलावा शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य मोती लाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए विद्या अर्जित करने की सलाह दी। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, प्रदीप भूषण कुजूर, कामता प्रसाद सिंह, श्रीमती मानती सिंह, निशी एलिश, वासुदेव चक्रधारी सहित अभिभावक उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम मनाने हुई समिति की बैठक



**लखनपुर।** मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दौरान बताया गया कि समाज द्वारा पहलाम के दिन 17 जुलाई को ताजिया के साथ जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान जुलूस के रूट चार्ट, झंडा की ऊंचाई, साउंड सिस्टम सहित अन्य विषयों को लेकर चर्चा की गई। मोहर्रम के जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। बैठक में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने लोगों को शांतिपुर्ण तरीके से पर्व मनाने का आह्वान किया गया ताकि किसी प्रकार की कोई घटना या अनहोनी न हो। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष राम नारायण दुबे, समीम खान, ऐनुल खान, फिरोज खान, मोहम्मद हासिम शेख, आसिफ, कोसगा पूर्व सरपंच लोचन सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### ग्रामीण कर रहे थे प्लांटेशन काटकर जुताई, वन अमले ने जब्त की ट्रैक्टर



**रामानुजगंज।** वन भूमि में किए गए प्लांटेशन को दो ग्रामीणों ने न सिर्फ कटाई किया बल्कि खेती करने के लिए ट्रैक्टर से जुताई करना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी लगने पर वन विभाग ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। वन क्षेत्र धमनी अंतर्गत ग्राम विमलापुर में ढाई हेक्टेयर वन भूमि पर वन विभाग द्वारा पौध रोपण किया गया था। इसी बीच आज दोपहर वन विभाग को सूचना मिली कि विमलापुर निवासी रसीद आ. वकील एवं कन्हाई आ. राम रतन द्वारा कच्छ क्रमांक पी 482 वन खंड अनमोल के ढाई हेक्टेयर में ट्रैक्टर से जुताई की जा रही है वही प्लांटेशन एरिया के पौधों को भी काट दिया गया है। सूचना पर रेंजर अजय वर्मा टीम के साथ तत्काल मौके पहुंचे और जुताई कर ट्रैक्टर को जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## उत्साहित किसान जुटे बुनाई-रोपाई में

# तीन दिन हुई वर्षा से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनो में हुई अच्छी वर्षा से पानी की कमी से गंभीर संकट से जूझ रहे सरगुजा के किसानों को काफी राहत मिली है।

**खास बात**
- 63 फीसदी कम वर्षा का आंकड़ा तीन दिन में पहुंचा 58 प्रतिशत

कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। हाल में हुई वर्षा से परेशान किसानों का उत्साह बढ़ गया है तथा ठप पड़ा रोपाई-बुनाई का कार्य जोर-शोर से प्रारम्भ हो गया है।

मानसून के कमजोर आगाज के बाद से ही सरगुजा वर्षा की कमी से जूझ रहा था तथा तीन दिन पूर्व तक सामान्य से 63 प्रतिशत कम वर्षा होने के कारण बुनाई-रोपाई का कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया था। वर्षा की स्थिति से किसान भयभीत थे। बुधवार को मौसम में बदलाव आया तथा पहली बार 66 मिमी वर्षा हुई। इसके बाद लगातार तीन दिनों तक अच्छी वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले तीन दिनों में 375.0 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। पिछले तीन दिनों में हुई बारिश से अभी वर्षा की कमी दूर नहीं हुई है लेकिन कम वर्षा के मामले में छत्तीसगढ़ के सबसे निचले पायदान पर पहुंचे सरगुजा की स्थिति अब बदल गई है तथा पिछले चार दिनों में ही सामान्य से 63 फीसदी कम वर्षा का आंकड़ा बढ़कर 58 फीसदी पर पहुंच गया है। हालांकि वर्षा की स्थिति अभी भी अच्छी नहीं है। आगे नियमित वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सरगुजा में जून के महीने में औसत 221.1 मिमी की तुलना में मात्र 115 मिमी एवं 10 जुलाई तक औसत 115 मिमी की तुलना में 17.8 मिमी कुल 133.6 मिमी वर्षा हुई थी। बलरामपुर को छोड़कर कमोवेश यही स्थिति सरगुजा संभाग के अन्य जिलों की थी।

पिछले तीन दिनों की वर्षा के बाद बलरामपुर जिले में वर्षा का आंकड़ा सामान्य से 16 फीसदी ऊपर पहुंच गया है। बलरामपुर में औसत 263 मिमी की तुलना में अब तक 305 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। संभाग में कम वर्षा के मामले में सरगुजा अभी भी सभी जिलों से ऊपर है। सरगुजा में औसत 376.2 मिमी की तुलना में मात्र 159 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है जो औसत से 58 प्रतिशत कम है। सूरजपुर में औसत 343.9 मिमी की तुलना में 43 फीसदी कम 195.3 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। जशपुर में औसत 447.6 मिमी की तुलना में 48 फीसदी कम 223.2 मिमी एवं कोरिया में औसत 223.5 मिमी की तुलना में 35 फीसदी कम 210.0 मिमी वर्षा हुई है। अच्छी वर्षा होने से अब पानी की कमी से मुरझा रहे बीड़ा को बचाने की चिंता खत्म हो गई है। धान के खेत लबालब हो गए हैं लेकिन रोपाई के लिए अभी भी नियमित वर्षा की जरूरत पड़ेगी।



बारिश के बाद खेतों में जमा पानी।

### रोपाई-बुनाई में जुटे किसान

पिछले तीन दिनों में हुई अच्छी वर्षा से उत्साहित कृषकों ने रोपाई-बुनाई का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। अब गांवों में जगह-जगह धान रोपाई करती महिलाओं का सामूहिक गीत गूंजना शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानी अभी मौसम की स्थिति अनुकूल बता रहे हैं तथा रविवार तक वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि स्थितियां अनुकूल होने के बावजूद शनिवार को मौसम साफ रहा तथा तीन दिनों बाद अच्छी धूप निकली। मौसम विज्ञानी के अनुसार शनिवार को द्रोणिका की स्थिति में कुछ बदलाव आया है लेकिन अभी भी द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में है तथा डिहरी एवं आसनसोल से गुजर रहा है। बिहार एवं झारखण्ड के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जो वर्षा के लिए अनुकूल स्थितियां निर्मित करेगा।

### 1358 हेक्टेयर में सिमटी रोपाई

कम वर्षा के कारण अब तक 1358 हेक्टेयर में ही धान की रोपाई हो पाई है जो लक्ष्य का मात्र 2.79 फीसदी है। समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण सरगुजा में बोता धान की खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। कृषि विभाग के अनुसार अब तक 11349 हेक्टेयर में बोता धान की बुनाई की गई है जो लक्ष्य का 47.56 फीसदी है। कम वर्षा होने के बावजूद मक्का की बुनाई 47 फीसदी पूरी हो गई है। दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई की गति धीमी है।

### कुसमी में 235 मिमी वर्षा

पिछले 24 घंटे में बलरामपुर जिलान्तर्गत कुसमी ब्लाक में सर्वाधिक 235 मिमी वर्षा हुई है। इसी तरह बलरामपुर में 47.2 मिमी, डौरा-कोचली में 52.5 मिमी एवं रघुनाथ नगर में 92.41मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी में 44.2 मिमी, रामानुजनगर में 66.4 मिमी एवं सरगुजा जिलान्तर्गत अम्बिकापुर में 90.2 मिमी, सीतापुर में 47.5 मिमी वर्षा हुई है। पिछले तीन दिनों की वर्षा ने पूरे संभाग को प्रभावित किया है।

### परिस्थितियां अनुकूल

अभी भी वर्षा की अनुकूल परिस्थितियां हैं। तीन दिन हुई अच्छी वर्षा से स्थिति में काफी सुधार आया है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी



## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति ने चार स्थानों को किया ब्लैक स्पॉट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति ने प्रतापपुर ब्लॉक के घाट पेंडारी, गोटगवा स्कूल से पुल, सिंगनडोल से धरमपुर और खड़गवां से उरांव पारा तक चार स्थानों को अधिक दुर्घटना जन्य क्षेत्र मान ब्लैक स्पॉट घोषित किया है। संबंधित क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों समेत गांव के लोगों को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से दुर्घटना में घायल लोगों को त्वरित उपचार एवं एंबुलेंस व्यवस्था कर अस्पताल तक भेजने हेतु जानकारी दी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंपापुर के चिकित्सा अधिकारी अभिलाष सिंह द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा खड़गवां से पंपापुर उरांव पारा तक घोषित ब्लैक स्पॉट में आज महान नदी के समीप संबंधित गांव के जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर जाकर दुर्घटना होने की स्थिति में सर्वप्रथम क्या करना उचित होगा इसकी जानकारी दी। उन्होंने सभी से बिना किसी भय के सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाने एवं आपातकालीन व्यवस्था हेतु एंबुलेंस को फोन करने की बात कही। साथ ही आम लोग सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का किस तरह प्राथमिक उपचार और सहयोग कर सकते है, इस संबंध में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर खड़गवां पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने कहा। प्रशिक्षण में पंपापुर उपसरपंच और भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, अभय गुप्ता, मनीष प्रताप सिंह, आदर्श चक्रधारी, विकास सिंह, सत्यभामा शर्मा, श्रृष्टि लकड़ा, प्रमिला सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



## संवाद शिविर में लोगों की समस्याओं का किया गया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर में आज संवाद शिविर का आयोजन किया गया है। इस संवाद शिविर के माध्यम से जमीनी स्तर में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कलेक्टर एवं जिला से आए समस्त विभागों के अधिकारी द्वारा किया गया। व्यक्तिगत आवेदन को संबंधित विभाग ऑनलाइन पोर्टल में लीक कर दिया गया है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने समस्या के निराकरण करने लिए के लिए संबंधित विभाग को मार्क किया गया है। विभिन्न विभाग से संबंधित कुल 280 आवेदन प्राप्त हुआ। 263 आवेदन मांग के रूप में एवं 17 आवेदन शिकायत प्राप्त हुए है। संवाद शिविर में कलेक्टर ने एवं जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शासन की योजना का लाभ जमीनी स्तर पर तथा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य और संबंधित मूल सुविधाओं के अनुसार समाज के माध्यम से शिकायत सहित ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से विकास कार्यों सहित मांगे व शिकायत की गंभीरता से शिकायत हेतु छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न विभागों के शिकायत के लिए ऑनलाइन सहित निराकरण संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पेड़ों की अवैध कटाई का मामला, प्राइवेट स्कूल की जांच, मुख्यमंत्री सड़क योजना की शिकायत, आंधी तूफान से क्षति पूर्ति, खाद बीज की जांच,जनपद पंचायत गोविंदपुर जेसीबी से निर्माण कार्य, संबंधित शिकायत, सड़क निर्माण, शिक्षा संबंधित, महिला बाल विकास सहित कई तरह के आए हुए आवेदन पर सुनवाई निराकरण हेतु जांच कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत, जपं सीईओ राधेश्याम, जपं अध्यक्ष जगत लाल आयाम, संजू श्रीवास्तव, शिव भजन मरावी, लाल संतोष सिंह, मंजू मिंज, डॉ.आरएस सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीवीए मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**रामानुजगंज।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भंवरमाल में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं छात्र संघ चुनाव किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता मोबाइल छात्र जीवन में लाभ एवं हानि व ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षण व्यवस्था के लाभ एवं हानि विषयों पर दो वर्ग जूनियर एवं सीनियर क्लासेस के आधार पर आयोजित की गई। सीनियर सेक्शन में विवेकानंद हाउस एवं जूनियर क्षेत्र में दयानंद हाउस विजय घोषित किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। सीनियर एवं जूनियर वाद विवाद प्रतियोगिता में अरविंदो हाउस उप विजेता रहे। कार्यक्रम के अगले क्रम में छात्र संघ के चुनाव संपन्न किए गए जिसमें मोबाइल एप पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं बैलेट पेपर द्वारा मतदान कराया गया। कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई जिसमें हेड बॉय मयंक विश्वास तथा हेड गर्ल छाया को विजय घोषित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक संस्कृत कमेटी के प्रमुख के रूप में अनुष्का प्रजापति हेल्थ कमेटी प्रमुख के रूप में प्राची एवं श्रेयांश, खेल कमेटी प्रमुख के रूप में नीरज नागवंशी,अनुशासन कमेटी में जगत मंडल एवं दिव्या को विजय घोषित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार वाजपेई ने बताया कि बच्चों कि इस प्रकार की गतिविधियां शैक्षणिक सत्र में निरंतर चलती रहती हैं जिससे बच्चों में उत्साह एवं स्वस्थ कंपटीशन की भावना जागृत होती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जल-जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी नियमों को ताक पर रखकर हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास कर रही है. लेकिन जमीनी स्तर पर नल जल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण नहीं करने से ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से नियमों को ताक में रखकर पानी टंकी का निर्माण कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने घटना की शिकायत नहीं की है इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से ठेकेदार के हौसले बुलंद है जिसका खामियाजा क्षेत्र भोले-भाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

- इंजीनियर और एसडीओ नहीं रहते हैं मुख्यालय में

विकासखंड प्रतापपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी समेत पाइप लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार एस्टीमेट के आधार पर काम नहीं कर रहे है। काम करने वाले राजमिस्त्री भी बता रहे हैं कि एस्टीमेट के आधार पर काम नहीं हो रहा है। बावजूद इसके विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदारों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित मापदंड अनुसार नींव नहीं खोदी गई थी और पानी टंकी निर्माण के लिए फाउंडेशन तैयार करना शुरू कर दिया गया है। अगर नींव ही मजबूत ना हो तो पानी टंकी धराशायी होने में देर नहीं लगेगी। कई जगह तो ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय अवधि पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और अधूरा छोड़कर दिया गया है। बावजूद इसके विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस संबंध में जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम ने बताया कि मेरे संज्ञान में पूरा मामला है। मैंने अधिकारियों से चर्चा कर उसकी संपूर्ण जानकारी मांगा था लेकिन अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जल्द ही पीएचई कार्यालय घेराव कर एसडीओ और इंजीनियर का ट्रांसफर करने की मांग की जाएगी।



## पुलिस ने युवक के कब्जे से चोरी के पांच दो पहिया वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्र में एक के बाद एक सिलसिलेवार तरीके से हो रही दोपहिया वाहनों की चोरी में शामिल एक 24 वर्षीय युवक को बिश्रामपुर पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से चार नग बाइक व एक नग स्कूटी बरामद करने में सफलता अर्जित की है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक जो कुंजनगर पंचायत के पीछे शिक्षक सुनील सिंह के किराए के मकान में रहता है ,वह कई मोटर साइकिल चोरी कर अपने पास रखा हुआ है और वाहन को विक्रय करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस उसके किराए के मकान में छापेमारी की तो आरोपी बृजेश महंत पिता प्रमोद महंत 24 वर्ष निवासी कुंजनगर थाना जयनगर घर पर ही मिला ,पुलिस उसे तत्काल हिरासत में लेकर उसके घर में रखे हुए दो पहिया वाहनों के विषय में पूछताछ किया तो उसने अलग अलग जगहों से चोरी कर बेचने के लिए रखने की बात स्वीकारी ।पुलिस ने आरोपी से वाहनों की कागजातों के विषय मे भी पूछताछ किया लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सका जिसके बाद पुलिस ने सभी वाहनों को गवाहों के समक्ष जप्त कर बीएनएस के तहत सम्पूर्ण मेमोरेंडम जप्ती कार्यवाही की फ़ोटो वीडियोग्राफी कराई ।आरोपी बृजेश महंत को पांचों दो पहिया वाहनों के साथ धारा 35(1-5)/303(2) बी एन एस एस/बी एन एस कारित करना पाए जाने पर आरोपी बृजेश महंत पिता प्रमोद महंत को गिरफ्तार कर शनिवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।



## ढोड़गापारा में दो महीने बाद पुनः बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

खबर का असर

**बिश्रामपुर।** सीमा विवाद के फेर में दो महीने से ग्राम पंचायत कुम्दा बस्ती के ढोड़गापारा के ग्रामीणों की दिक्कत पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशन उपरांत विद्युत विभाग द्वारा शनिवार को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराते हुए विद्युत केबल का विस्तार करा दिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुम्दा बस्ती के ढोड़गापारा से करीब दो महीने पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा करीब 100 मीटर विद्युत केबल की चोरी कर लिया गया था। इस वजह से गांव के करीब 15-20 घरों के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था, बावजूद इसके कोई पहल नहीं की गई थी। जिस पर ग्रामीणों की मांग पर हरिभूमि द्वारा 12 जुलाई को विद्युत केबल के चोरी होने से डोढ़गापारा में दो महीने से अंधेरा नामक शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित कराया गया था। खबर प्रकाशन उपरांत सुस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा सक्रिय होकर शनिवार को गांव में कर्मचारी भेजकर चोरी गए केबल के बदले नया विद्युत केबल का विस्तार कराकर गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गई है। विद्युत आपूर्ति बहाल होने से अब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।






## जयंती पर राजमाता देवेंद्र कुमारी को दी गई श्रद्धांजलि

**अंबिकापुर।** राजमाता स्व. श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव की 91वें जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राजमाता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव का जन्म 1933 में शिमला में हुआ था। राजीव भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि राजमाता ने सरगुजा के निवासियों की सहायता को कभी भी दलीय नजरिए से नहीं देखा। उनकी नजर में सहायता मांगने वाला व्यक्ति सरगुजा वासी होना चाहिये था। इसी नजरिए को ध्यान में रखकर वे कार्य करती थी। जिस दौर में वे मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल में मंत्री थी, उस दौर में अविभाजित सरगुजा में सर्वाधिक पुल पुलियों का निर्माण हुआ था। सरगुजा वासियों की सहायता और सरगुजा को लेकर उनमें समग्र दृष्टी थी। इस दौरान राजीव भवन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी हुआ। इससे पूर्व प्रतीक्षा बस स्टैण्ड चौक पर राजमाता एवं स्व. महाराज एमएस सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, मदन जायसवाल, अनिल सिंह, हरभजन सिंह भामरा, गुरप्रीत सिद्धू, कलीम अंसारी, गीता रजक, नुजहत फातिमा, विवेक सिंह, अमित सिंह, निक्की खान, नीतीश चौरसिया, फैसल सिद्दीकी, रोशन कन्नौजिया, बालकेश्वर ठाकुर, राजू विश्राम आदि मौजूद थे।

- प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



### किया गया पौधरोपण

राजमाता के 91 वें जयंती पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बंधियाचूंआ प्राथमिक शाला में हो रहे पौधरोपण के लिए एक आम का पौधा अपने भतीजे जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव को मां के नाम एक पौधे के संदेश के साथ वृक्षारोपण करने के लिए दिया। उन्होंने स्वयं भी अपने निजी निवास तपस्या में पौधरोपण किया। बंधियाचुंआ प्राथमिक शाला में जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने स्कूल के बच्चों, स्थानीय निवासियों और कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। इसके पूर्व उन्होंने राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में राजमाता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर महाविद्यालय परिसर में नारियल का पौधा भी लगाया।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736